आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. गुजरात के साणंद में देश के तीसरे सेमीकंडक्टर संयंत्र से चिप उत्पादन शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भारत डिजाइन इन इंडिया और मेक इन इंडिया के दम पर तकनीक में भी आत्मनिर्भर बन रहा है।
2. मायाबंदर वन प्रभाग में वन महोत्सव के तहत माहव्यापी पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई।
3. स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में मापतौल उपकरणों के सत्यापन एवं मुद्रांकण के लिए सात जुलाई से विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।
4. जंगलीघाट में अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक भूमि से अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद में देश के तीसरे सेमीकंडक्टर प्लांट में चिप पैकेजिंग का वाणिज्यिक उत्पादन का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत डिजाइन इन इंडिया और मेक इन इंडिया के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहा है। आज का यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि भारत जो ठान लेता है वो करके दिखाता है। पाँच साल पहले भारत ने संकल्प लिया था कि देश को सेमीकंडक्टर हब बनाएंगे। आज देश के तीसरे सेमीकंडक्टर प्लांट में भी चिप पैकेजिंग का कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साणंद संयंत्र में प्रत्येक वर्ष 20 करोड़ चिप तैयार होंगी। मुझे बताया गया है कि अभी यहां से हर साल 20 करोड़ चिप निकलेगी। और मुझे बताया गया आप सभी यहीं नहीं रुकने वाले हैं, आपने हर साल पांच सौ करोड़ चिप्स का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक भारत में पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र चालू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि साणंद संयंत्र केवल 27 महीने में पूरा हो गया।

<><><><><><><>

वन महोत्सव के अवसर पर मायाबंदर वन प्रभाग द्वारा पूरे जुलाई माह में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान की शुरुआत 1 जुलाई को मायाबंदर बाजार, तुगापुर जंक्शन और कर्माटांग गांव में हुई। पिछले दिनों लखनऊ गांव में ग्रामीणों की सहभागिता से पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान पानीघाट निवासी टूनी आंगियंग की भूमि पर 70 से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रभागीय वन अधिकारी ए.सी. तिलक, वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, श्रमिक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। वन विभाग ने बताया कि इसी प्रकार के पौधारोपण अभियान 11 जुलाई को वेबी गांव तथा 18 जुलाई को कर्माटांग–10 गांव में आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा सरकारी संस्थानों एवं निजी आवासों के सौंदर्यीकरण तथा बच्चों के साथ पर्यावरण विषयक संवाद कार्यक्रम भी पूरे माह आयोजित किए जाएंगे। वन प्रभाग ने सभी ग्रामीणों, शिक्षण संस्थानों और आम नागरिकों से इन कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही निकटतम वन नर्सरी से निःशुल्क सजावटी एवं फलदार पौधे प्राप्त कर अपने घरों, संस्थानों और परिसरों में रोपित कर पर्यावरण संरक्षण तथा हरित आवरण बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान, सहायक आयुक्त कार्यालय, पंचायती राज संस्थानों और विभिन्न संबंधित विभागों के सहयोग से कल निंबुताला में 'रंगत मॉनसून मैराथन' का आयोजन किया गया। "सेहत • एकता • पर्यावरण के लिए दौड़" विषय पर आधारित इस मैराथन को सहायक आयुक्त दीपांशु वोहरा और रंगत की पंचायत प्रमुख सीता माझी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में पुरुषों के लिए 10 किमी दौड़ और महिलाओं के लिए 5 किमी की दौड़ का आयोजन किया गया था। मैराथन में आम जनता और छात्रों ने भाग लिया। दोनों वर्गों में शीर्ष तीन स्थान पाने वालों को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, हर कैटेगरी में 10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने स्वराज द्वीप एवं शहीद द्वीप के सभी व्यापारियों, ऑटो रिक्शा मालिकों एवं चालकों, बार संचालकों तथा संबंधित सरकारी एवं अर्द्धसरकारी संस्थानों को सूचित किया है कि विधिक माप विज्ञान अधिकारी अपनी टीम के साथ माप–तौल उपकरणों के सत्यापन एवं

मुद्रांकण के लिए विशेष शिविर आयोजित करेंगे। यह शिविर 7 एवं 8 जुलाई को स्वराज द्वीप तथा 9 जुलाई को शहीद द्वीप में आयोजित होगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में उपयोग किए जा रहे सभी प्रकार के वजन एवं माप उपकरणों का अनिवार्य रूप से सत्यापन और स्टाम्पिंग की जाएगी। विभाग ने सभी संबंधित प्रतिष्ठानों और व्यवसायियों से निर्धारित तिथियों पर अपने माप–तौल उपकरणों का सत्यापन कराने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित अवधि के बाद यदि कोई व्यक्ति या प्रतिष्ठान बिना सत्यापित अथवा दोषपूर्ण माप–तौल उपकरणों का उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विधिक माप विज्ञान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन–1098 ने जून 2026 के दौरान बाल संरक्षण, बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा चाइल्ड हेल्पलाइन–1098, महिला हेल्पलाइन–181 और वीआईपी रोड स्थित जीएसटी कार्यालय के निकट संचालित महिला एवं बाल विकास कंट्रोल रूम की सेवाओं के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।यह कार्यक्रम लंबा लाइन, जंगलीघाट, ऑस्टिनाबाद, डॉलीगंज, हैड्डो रात्रि निवास, पहाड़गांव और हैड्डो में आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में पॉक्सो अधिनियम–2012, बाल तस्करी की रोकथाम, बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम–उन्नीस सौ छियासी, बाल अधिकार, देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की सूचना देने की प्रक्रिया तथा चाइल्ड हेल्पलाइन–1098, महिला हेल्पलाइन–181 और डब्ल्यूसीडी कंट्रोल रूम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली आपातकालीन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बच्चों के साथ होने वाले शोषण, उपेक्षा, हिंसा, तस्करी एवं उत्पीड़न की घटनाओं की समय पर सूचना देने के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के अभियान के तहत नगर प्रशासन ने शनिवार को वार्ड संख्या–9 के अंतर्गत जंगलीघाट कार्याशाला क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रवर्तन दल ने सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित सभी अनधिकृत ढांचों को पूरी तरह ध्वस्त कर हटाया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप कुल 207 वर्गमीटर सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर पुनः जन उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई है कि आने वाले दिनों में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार के विशेष अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाए जाएंगे, ताकि सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर सुरक्षित रखा जा सके।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉलीगंज एवं राजकीय पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षा संस्थान के डिग्री पाठ्यक्रमों तथा एम एस बी टी ई के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। सी सी ए पी पोर्टल पर कल शाम 4 बजे अनंतिम मेरिट सूची प्रदर्शित की जाएगी। अंतिम मेरिट सूची 10 जुलाई को जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में 10 जुलाई तक एक या दो स्थानों पर तेज हवाएं, बिजली गिरने और भारी बारिश की आशंका व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले स्थानों तथा पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। अगले सात दिनों तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>